सार-समाचार

रेल मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, डाबला में जनशताब्दी ठहराव की मांग

पाटन (निसं)। रेल यात्री संघ डाबला एवं क्षेत्र के ग्रामीणों ने रेलवे से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान और यात्रियों की सुविधा को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दो प्रमुख मांगें रखते हुए कुंड, पाली एवं खोरी रेलखंड पर चल रहे डबलिंग कार्य के कारण प्रभावित एवं डायवर्ट की जा रही ट्रेनों को नारनौल स्टेशन से यथावत संचालित करने तथा दिल्ली सराय रोहिल्ला-अजमेर जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12065/12066 का डाबला रेलवे स्टेशन पर नियमित ठहराव देने की मांग की गई।रेल यात्री संघ ने बताया कि डबलिंग कार्य के चलते कई यात्री ट्रेनों के संचालन में परिवर्तन, आंशिक निरस्तीकरण अथवा मार्ग परिवर्तन किया जा रहा है। इससे नारनौल एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों के लिए शिक्षा, रोजगार, व्यापार, चिकित्सा सहित अन्य आवश्यक कार्यों के लिए रेल सेवा महत्वपूर्ण है। ट्रेनों के संचालन में बदलाव होने से यात्रियों को अतिरिक्त समय और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। संघ ने मांग की कि निर्माण कार्य के दौरान भी नारनौल से यात्रियों के लिए सुचारु एवं वैकल्पिक रेल सुविधा उपलब्ध कराई जाए। लोगों ने मांग की है कि प्रभावित ट्रेनों को नारनौल से यथावत संचालित करने तथा जनशताब्दी एक्सप्रेस का डाबला स्टेशन पर नियमित ठहराव स्वीकृत करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं। इस दौरान रेल सलाहकार समिति सदस्य डाबला नरेंद्र सैनी, ईश्वर आसट, पूजा सैनी, दिनेश, रामजीलाल, विजय, सोनू कंवर सहित दर्जनों क्षेत्रवासी एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

धार्मिक आस्था के साथ मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

चूरू (कासं)। सावन के तीसरे सोमवार को जिला मुख्यालय के सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर अभिषेक किया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दूध, दही, शहद और बेलपत्र अर्पित कर विधिवत पूजा अर्चना की। इस दौरान चूरू के रामगढ़िया दरवाजा स्थित बद्री नारायण मंदिर में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से आसमां गुंजायमान हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। सावन के तीसरे सोमवार के साथ इस बार नाग पंचमी का अनुठा संयोग रहा, जिससे शिव भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

2019 के बहुचर्चित मामले में वार्ड पार्षद सहित 13 आरोपी बरी

बीदासर (निसं)। सिविल न्यायालय बीदासर ने सोमवार को वर्ष 2019 के बहुचर्चित मामले में फैसला सुनाते हुए एक पार्षद सहित कुल 13 आरोपियों को बरी कर दिया। न्यायालय ने आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2019 में राजकीय गोवर्धन प्रसाद टांटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं में सुधार तथा चिकित्सकों के रिक्त पद भरने की मांग को लेकर विशाल धरना-प्रदर्शन एवं महापड़ाव आयोजित किया गया था। इस दौरान दर्ज हुए मुकदमे की सुनवाई के बाद सोमवार को बीदासर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनील गोस्वामी ने अपना फैसला सुनाया। फैसले में पार्षद बेगराज नाई, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनिवास माली, प्रोफेसर जुगल किशोर प्रजापति, राजेंद्र नोसरिया, उमेद शर्मा, आसीफ कुरैशी सहित कुल 13 व्यक्तियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया गया। आरोपी पक्ष की ओर से न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता अमरसिंह राठौड़ एवं गोवर्धन सिंह ने पैरवी की।

सतीश पूनिया स्मृति खेल 2026 का समापन

सादुलपुर (निसं)। सामाजिक सरोकारों से जुड़े स्वर्गीय सतीश पूनिया की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित स्मृति खेल 2026 का समापन राजगढ़ में हुआ। वहीं कृष्णा पूनिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय खेल मेले में प्रदेशभर के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

सीएलसी में नीट टारगेट बैच के विद्यार्थियों के लिए मेडल व मोटिवेशन सेरेमनी आयोजित

- नीट जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं होती, बल्कि इसके लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन, धैर्य और सही दिशा में तैयारी जरूरी है : श्रवण चौधरी

सीकर (निसं)। नीट, जेईई, एनडीए तथा सीबीएसई एवं आरबीएसई स्कूलिंग के लिए देशभर में पहचान बना चुके संस्थान सीएलसी में नीट टारगेट बैच के विद्यार्थियों के लिए मेडल एवं मोटिवेशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों की मेहनत और उपलब्धियों को सम्मानित करने के साथ उन्हें आगामी परीक्षा के लिए और अधिक आत्मविश्वास, ऊर्जा एवं समर्पण के साथ तैयारी करने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए सीएलसी निदेशक इंजीनियर श्रवण चौधरी ने बताया कि विद्यार्थियों की मेहनत को पहचान और सम्मान देना सीएलसी की परंपरा का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि नीट जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं होती, बल्कि इसके लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन, धैर्य और सही दिशा में तैयारी जरूरी है। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए मेडल एवं मोटिवेशन सेरेमनी का आयोजन किया गया।

समारोह के दौरान विद्यार्थियों को उनकी मेहनत एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के चेहरे पर उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। समारोह में उपस्थित शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगामी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीएलसी निदेशक इंजीनियर श्रवण चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता किसी एक दिन की मेहनत का परिणाम नहीं होती। सफलता उन हजारों छोटे-छोटे प्रयासों का परिणाम होती है, जो विद्यार्थी हर दिन पूरी ईमानदारी और अनुशासन के साथ करता है। आज मिला यह मेडल आपकी मंजिल नहीं, बल्कि आपकी मेहनत की पहचान और आने वाली बड़ी सफलता की शुरुआत है।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि नीट की तैयारी के दौरान कई बार कठिन परिस्थितियां आएंगी, कभी परीक्षा का परिणाम उम्मीद के अनुसार नहीं होगा और कभी आत्मविश्वास कम महसूस हो सकता है, लेकिन ऐसे समय में रुकना नहीं है। आपको अपने लक्ष्य पर विश्वास रखना है और अपनी मेहनत को लगातार बेहतर करते जाना है। याद रखिए, जो विद्यार्थी कठिन समय में भी अपने लक्ष्य से जुड़ा रहता है, वही अंत में सबसे बड़ी सफलता हासिल करता है।

चौधरी ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी तुलना किसी और से करने के बजाय प्रतिदिन अपने पिछले प्रदर्शन से बेहतर करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपका मुकाबला किसी दूसरे विद्यार्थी से नहीं, बल्कि कल के अपने प्रदर्शन से है। यदि आप हर दिन खुद को एक कदम आगे ले जाते हैं तो सफलता की मंजिल निश्चित रूप से आपके करीब आती जाएगी।

चौधरी ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, नियमित टेस्ट, गलतियों के विश्लेषण और लगातार रिवीजन को अपनी तैयारी का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने कहा कि सीएलसी की पूरी शिक्षक टीम विद्यार्थियों के साथ मजबूती से खड़ी है और लक्ष्य तक पहुंचने के लिए हर संभव मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करेगी। कार्यक्रम में सीएलसी सीओओ समर चौधरी, सीएलसी एचआर हेड वीरेंद्र चौधरी सहित सीएलसी की शिक्षक टीम, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

चार साल के मासूम की हत्या करने वाला आरोपी ऋषिकेश से गिरफ्तार

- पिलानी पुलिस की सख्त कार्रवाई से हत्या कर शव लोहे की पेटी में छिपाने वाला 3 साल से फरार 25 हजार रूपए इनामी आरोपी गिरफ्तार हुआ

पिलानी (निसं)। चार साल के मासूम बच्चे की हत्या कर शव को लोहे की पेटी में छिपाकर करीब तीन साल से फरार चल रहे 25 हजार रूपए के इनामी स्थायी वारंटी को पिलानी पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ऋषिकेश से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पुलिस थाना पिलानी के टॉप-टेन वांछित अपराधियों की सूची में भी शामिल था। पुलिस ने आरोपी को दस्तयाब करने के बाद गिरफ्तार कर मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन तथा चिड़ावा वृत्ताधिकारी गौरव गुर्जर के सुपरविजन में थानाधिकारी पिलानी अलका विश्नोई के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी।

पुलिस के अनुसार, 24 सितंबर 2023 को भूपेश निवासी ढकरवाला/देवरोड़ ने पुलिस थाना पिलानी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि उसके खेत पर मजदूरी करने वाले सुरेश कुमार ने अपने करीब 3-4 वर्षीय बच्चे सूर्या की हत्या कर दी और शव को खेत में बने कमरे में रखे लोहे के बक्से में छिपाकर मौके से फरार हो गया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की, लेकिन वारदात के बाद से ही वह लगातार अपने ठिकाने और पहचान बदलकर फरार चल रहा था।

आरोपी की लगातार फरारी के चलते न्यायालय से धारा 299 सीआरपीसी के तहत स्थायी वारंट जारी करवाया गया। साथ ही उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रूपए का नकद इनाम घोषित किया गया था। आरोपी को थाना पिलानी के टॉप-टेन वांछित अपराधियों की सूची में भी शामिल किया गया। विशेष अभियान के तहत डीएसटी और पिलानी पुलिस की संयुक्त टीम ने तकनीकी सूचनाओं एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में आरोपी के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी। सघन प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने आरोपी को ऋषिकेश से दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी सुरेश कुमार उर्फ लम्बु पुत्र रतन सिंह, उम्र 45 वर्ष, निवासी नारनौद, थाना नारनौद, जिला भिवानी (हरियाणा) है।

आरोपी पर वर्ष 2023 में मासूम बच्चे की हत्या कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को लोहे की पेटी में छिपाकर फरार होने का आरोप है। पुलिस आरोपी से प्रकरण के संबंध में गहन पूछताछ एवं अग्रिम अनुसंधान कर रही है। कार्रवाई में थानाधिकारी अलका विश्नोई, डीएसटी प्रभारी उपनिरीक्षक हेमराज मीणा, एएसआई महेन्द्र सिंह, साइबर सेल के हेड कांस्टेबल जितेन्द्र थाकन, कांस्टेबल धर्मवीर, डीएसटी के कांस्टेबल अमित कुमार तथा गौतम शामिल रहे। पुलिस ने कार्रवाई में तकनीकी इनपुट और मुखबिर तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका बताई है।

जरूरतमंद नागरिकों को राशन सामग्री किट बांटी

चिड़ावा (निसं)। नर सेवा ही नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान में मास्टर हजारीलाल शर्मा रोड स्थित न्यू सुल्तानिया गेस्ट हाउस में जरूरतमंद नागरिकों को राशन सामग्री के किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजिक कार्यकर्ता अरविंद महमिया की प्रेरणा से 100 से अधिक जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व जिला प्रमुख, झुंझुनूं हर्षिनी कुल्हरी थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पालिकाध्यक्ष, चिड़ावा मधु शर्मा ने की। पूर्व जिला महामंत्री भाजपा, झुंझुनूं राजेश दहिया अति विशिष्ट अतिथि तथा पूर्व आरएएस शिवप्रसाद आर्य मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बाल कल्याण समिति, झुंझुनूं की सदस्य मनीषा केडिया, पीएसओ सीएमआर जयपुर लक्ष्मीकांत शर्मा तथा भाजपा नगर मंडल चिड़ावा अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित हीरालाल पुजारी के आचार्यत्व में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

सार-समाचार

हनुमानगढ़ में कृषि कॉलेज के छात्रों ने पेपर का बहिष्कार किया

हनुमानगढ़ (निसं)। नए भवन को चुनाव के लिए अधिग्रहित किए जाने के विरोध में छात्रों ने सोमवार को आयोजित पेपर का भी बहिष्कार किया। छात्रों का कहना है कि नए भवन के बजाय उन्हें पुराने और जर्जर भवन में लौटना पड़ा है, जहां पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। सोमवार को यूनिवर्सिटी की ओर से गठित कमेटी कृषि कॉलेज पहुंची और धरने पर बैठे छात्र-छात्राओं से वार्ता कर आंदोलन समाप्त करने के लिए समझाने का प्रयास किया। हालांकि, छात्र अपनी मांगों पर लिखित सहमति दिए जाने की मांग पर अड़े रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल मौखिक आश्वासन के आधार पर धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। धरने पर बैठे छात्र गणेश भादू ने बताया कि छात्र-छात्राओं की कई मांगें लंबे समय से लंबित हैं। उनकी मुख्य मांग नए भवन का अधिग्रहण रद्द कर कृषि कॉलेज को तत्काल नए भवन में स्थानांतरित करने की है। छात्रों ने कहा कि पुराने भवन में सभी विद्यार्थियों के बैठने तक की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। छात्रों ने कॉलेज में लैब और लाइब्रेरी की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही करीब एक साल से बंद पड़े हॉस्टल को फिर से शुरू करने की मांग की है। गणेश भादू ने आरोप लगाया कि कॉलेज डीन लगातार आश्वासन दे रहे हैं और मांगों के समाधान के लिए 20 दिन का समय मांग रहे हैं। छात्रों का कहना है कि वे अब केवल आश्वासन पर भरोसा नहीं करेंगे। कांग्रेस कमेटी के उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुरेंद्र मारवाल ने छात्रों के धरने को समर्थन देते हुए उनकी मांगों को जायज बताया। उन्होंने कहा कि नए भवन को चुनाव के लिए अधिग्रहित कर विद्यार्थियों को पुराने भवन में भेजना उचित नहीं है। यदि पुराने भवन में किसी प्रकार का हादसा होता है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा, यह भी बड़ा सवाल है। मारवाल ने कहा कि करीब एक साल से तैयार छात्रावास शुरू नहीं होने के कारण दूर-दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को किराए के मकानों में रहना पड़ रहा है। सोमवार को विद्यार्थियों का पेपर होने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया।

शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर तीन दर्जन से अधिक का सम्मान

उदयपुरवाटी (निसं)। निसं।पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदयपुरवाटी के मुख्य प्रांगण में सोमवार को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर तीन दर्जन से अधिक कार्मिकों का सम्मान किया गया। उदयपुरवाटी के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार सैनी, सेवा निवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी एवं भामाशाह प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण बडीवाल, यूसीइओ एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदयपुरवाटी के प्रधानाचार्य प्रदीप चौधरी तथा भामाशाह प्रतिनिधि ललित जोशी द्वारा पुष्प माला, प्रशस्ति पत्र,शाल तथा प्रतीक चिन्ह देकर तीन दर्जन से अधिक शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों का सम्मान किया गया। सरकारी एवं गैर-सरकारी शिक्षण संस्थाओं में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिश्री देवी सत्यनारायण खैराड़ी चेरीटेबल ट्रस्ट उल्लास नगर मुम्बई एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा सम्मानित किया गया।

जिला-स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन, मानव व देशराज विजेता

चूरू (कासं)। चूरू जिला बैडमिंटन संघ व शटल स्टार्स बैडमिंटन क्लब चूरू की ओर से आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन रविवार को समारोह पूर्वक हुआ। जिसमें 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीसीसी सचिव मुस्ताक खान थे। विशिष्ट अतिथि डॉ. एफ.एच. गौरी, चूरू ओलंपिक संघ के अध्यक्ष ठाकुर शर्मा व चूरू जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष किशोर राजपाल थे। प्रतियोगिता में अंडर-19 सिंगल वर्ग में मानव विजेता तथा रतनगढ़ के प्रशांत उपविजेता रहे। वहीं अंडर-19 व अंडर-17 दोनों वर्गों में डबल में मानव और देशराज मीणा विजेता रहे। विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों ने ट्रॉफी, मेडल व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। स्टार्स एकेडमी के पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों, कोच व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

किलाबंदी-सीमांकन में तेज़ी की मांग को लेकर राजस्व मंत्री को पत्र भेजा

नोहर (निसं)। यहां नोहर-सिद्धमुख सिंचाई परियोजना क्षेत्र सहित प्रदेश के विभिन्न सिंचाई परियोजना क्षेत्रों में लंबे समय से लंबित किलाबंदी, चकबंदी एवं भूमि सीमांकन कार्यों को लेकर जिले के निवर्तमान लोकपाल विनोद जांगिड़ ने राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी को पत्र भेजकर उच्च स्तरीय समीक्षा एवं समयबद्ध कार्रवाई की मांग की है। जांगिड़ ने कहा कि किलाबंदी को महज राजस्व प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसानों के भूमि अधिकारों की सुरक्षा और राजस्व विवादों की रोकथाम से जोड़कर देखा जाना चाहिए। कई क्षेत्रों में राजस्व रिकॉर्ड, खसरा सीमाओं और मौके की स्थिति में अंतर होने से किसानों को विवादों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में प्रभावशाली लोगों द्वारा रिकॉर्ड से अधिक भूमि पर कब्जे की शिकायतें हैं, जबकि कमजोर एवं सीमांत किसान अपनी दर्ज भूमि से भी कम पर काश्त कर रहे हैं। ऐसे मामलों में निष्पक्ष एवं वैज्ञानिक सीमांकन जरूरी है।

मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ का झुंझुनूं में प्रदर्शन

- श्रमिक हितों से जुड़े मुद्दों के समाधान की मांग, राज्य सरकार के नाम भी मांगपत्र सौंपे

झुंझुनूं (निसं)। भारतीय मजदूर संघ के केंद्रीय आव्हान पर सोमवार को असंगठित एवं संगठित क्षेत्र के कामगारों की समस्याओं के समाधान सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कलैक्टर कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री के नाम जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम का नेतृत्व राजस्थान विद्युत महासंघ के प्रदेश महामंत्री सतीश राठौड़ एवं भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री संदीप धाभाई ने किया। इस दौरान श्रमिकों ने संगठन के नारों एवं श्रमिक हित से जुड़े उद्घोषों के साथ अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम विद्युत क्षेत्र की 11 सूत्रीय, आंगनबाड़ी की 6 सूत्रीय, भवन निर्माण क्षेत्र की 10 सूत्रीय तथा कॉपर मजदूर संघ की मांगों से संबंधित अलग-अलग मांग पत्र भी सौंपे गए।

राजस्थान विद्युत महासंघ के प्रदेश महामंत्री सतीश राठौड़ ने 11 सूत्रीय मांगों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए श्रमिकों की समस्याओं के समाधान की आवश्यकता बताई। जिला मंत्री संदीप धाभाई ने कहा कि श्रमिकों को राष्ट्र हित, उद्योग हित एवं श्रमिक हित में एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम को विद्युत विभाग के डिस्कॉम महामंत्री देवकरण सैनी एवं सुरेश शर्मा, कॉपर खान मजदूर महासंघ के श्यामलाल सैनी, भवन निर्माण क्षेत्र से सुरेंद्र वर्मा, आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ से कृष्णा कंवर तथा विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन से ईश्वरलाल शर्मा ने भी संबोधित किया।

राजकीय सेवाओं के लिए गौरव कंवल सम्मानित

रतनगढ़ (निसं)। 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपखंड स्तरीय समारोह में राजकीय जिला चिकित्सालय, रतनगढ़ के रेडियोग्राफर गौरव कंवल को उत्कृष्ट राजकीय सेवाओं एवं कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की गई।गौरव कंवल को यह सम्मान उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार, विधायक पूसाराम गोदारा, पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद व्यास एवं पुलिस उपाधीक्षक इंशार अली के कर-कमलों से प्रदान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान अतिथियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। सम्मान मिलने पर गौरव ने आभार व्यक्त किया।

पुलिस व डीएसटी की संयुक्त कार्रवाई, कुख्यात अपराधी पिस्टल सहित गिरफ्तार

- हथियार लेकर घूम रहा था आरोपी, सूचना मिलते ही पुलिस ने रास्ते में दबोचा; हत्या, लूट और हत्या के प्रयास सहित 9 मामले दर्ज

सिंघाना (निसं)। अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सिंघाना थाना पुलिस एवं डीएसटी झुंझुनूं ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक देशी पिस्टल बरामद कर कुख्यात अपराधी अजीत कुमार उर्फ अजीत बडबर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में हत्या, लूट, हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट सहित 9 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस आरोपी से हथियार की बरामदगी एवं उसके आपराधिक नेटवर्क को लेकर गहन पूछताछ कर रही है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन तथा वृत्ताधिकारी बुहाना मंजु चौहान के सुपरविजन में सिंघाना थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार 16 अगस्त 2026 को एएसआई सहीराम कुमार मय जाप्ता विशेष अभियान के तहत कार्रवाई के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान डीएसटी झुंझुनूं के एएसआई शशिकांत शर्मा ने सूचना दी कि सातडिया की तरफ से किआ सोनेट कार नंबर आरजे 18 सीजी 2962 सिंघाना की ओर आ रही है और कार चालक के पास हथियार होने की आशंका है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम सातडिया जाने वाले आम रास्ते पर पहुंची। इसी दौरान सफेद रंग की किआ सोनेट कार आती दिखाई दी। पुलिस ने कार को रुकवाकर जांच की तो चालक के कब्जे से एक देशी पिस्टल बरामद हुई। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम अजीत कुमार पुत्र रामकुमार, उम्र 45 वर्ष, निवासी बडबर, थाना बुहाना, जिला झुंझुनूं बताया। हथियार रखने के संबंध में पुलिस ने लाइसेंस अथवा अनुज्ञा पत्र मांगा, लेकिन आरोपी ने उसके पास कोई वैध लाइसेंस नहीं होना बताया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर देशी पिस्टल जब्त कर ली तथा उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस के अनुसार आरोपी अजीत कुमार के खिलाफ पूर्व में हत्या, लूट, हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित 9 प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस अब रिमांड के दौरान आरोपी से अवैध पिस्टल के स्त्रोत, हथियार रखने के उद्देश्य तथा उसके आपराधिक संपर्कों को लेकर पूछताछ कर रही है।

शिव बारात में झूमे बाराती

चिड़ावा (निसं)। शिव और शक्ति एक दूसरे के पूरक हैं। इनके विवाह की कथा सभी के लिए मंगलकारी है। ये प्रवचन शिव विवाह की कथा का वाचन कर रहे शिव कुमार योगी ने कहीं। चौरासिया मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय धार्मिक कथा अयोजन में योगी ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति भी दी। फिर गाजे-बाजे के साथ ये शिव बारात चौरासिया मंदिर से शुरू होकर मुख्य बाजार, कल्याण राय मंदिर से विवेकानंद चौक पहुंची परिक्रमा करते हुए वापस मुख्य बाजार होते हुए बारात आयोजन स्थल पहुंची।

(मुख्त्यानामा निरस्तीकरण की सूचना)

मेरे मुव्वकिल शंकरलाल पुत्र सोहनलाल जाति माली निवासी वार्ड नं. 18, ऑक्सफोर्ड स्कूल के पास, सरदारशहर द्वारा दिनांक 07.09.2020 को खेत खसरा नं. 606/581 तादादी 14 बीघा 9 बिस्वा रोही सरदारशहर की सार-संभाल, विभाजन एवम् दावा अन्य कार्यवाही श्री रजत कुमार पुत्र सीताराम जाति माली-पंवार निवासी नई सब्जी मण्डी, पुगल रोड, बीकानेर को मुख्त्यार आम नियुक्त किया गया था। मेरे मुव्वकिल को अब खेत के कब्जे व स्वामित्व के सम्बन्ध में रजत कुमार के माध्यम से आगे कोई कार्यवाही नहीं करनी है। इसलिये मुख्त्यार आम निरस्त कर दिया गया है जिसकी सूचना मेरे द्वारा शंकरलाल की हिदायत अनुसार रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से रजत कुमार को भिजवा दी गई है।

आम सूचना मेरी पुत्री प्रवीण ने सुनील पुत्र मांगीलाल जाति जाट निवासी देवासर तह0 नोहर जिला हनुमानगढ से अपनी मर्जी से हमे बिना बताये हमारी बिना रजामन्दी के घर से भागकर दिनांक 04. 07.2026 को शादी करली है इस वजह से मेरी व मेरे पुरे परिवार की हमारे समाज, रिश्तेदारों, बाजार इत्यादि में साख खराब हो गयी है। मेरी पुत्री प्रवीण ने अपनी मर्जी से हमसें नाता रिश्ता तोडकर सुनील के साथ शादी की है इसलिए मेरा व मेरे परिवार का भी मेरी पुत्री प्रवीण से अब कोई रिश्ता नाता नहीं रहा है। इसलिए में अपनी पुत्री प्रवीण को अपनी समस्त चल व अचल सम्पतियों से बेदखल करती हूँ आज के पश्चात मेरी पुत्री प्रवीण का मेरी चल व अचल सम्पतियों में कोई हिस्सेदारी नही होगी। कोई व्यक्ति प्रवीण से किसी प्रकार का कोई सव्यवहार / लेनदेन करता है तो इस बात का वह स्वय जिम्मेवार होगा हमारी कोई जिम्मेवारी नही होगी। शायरा पत्नी कालुराम जाति मेघवाल निवासी ग्राम घडसीसर तहसील सरदारशहर जिला चूरू राजस्थान

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, बीकानेर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम
1959 की धारा 18 (2) के अधीन

मु.नं.215/2026/1922 दिनांकः- 5/8/26

सर्वसाधारण को सूचनार्थ
नोटिस
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि डॉ. पवन कुमार शर्मा पुत्र श्री मांगीलाल शर्मा, किसान छात्रावास के सामने की गली, सरदारशहर जिला चुरू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अंतर्गत श्री हरिशिक्षण प्रशिक्षण संस्थान, हनुमानगढ़ रोड़, सरदारशहर, चुरू के संबंध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अतएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तिओं के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करे।

और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 04.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।
प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.10.2026 निश्चित है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग बीकानेर

सांडवा में भाजपा का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन, राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत पर निशाना साधा

- विकास कार्यों का लोकार्पण कर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा
- पूर्ववर्ती सरकार के दौरान भ्रष्टाचार सहित कई मुद्दों को लेकर सवाल उठे थे : राजेंद्र सिंह राठौड़

बीदासर (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत सांडवा में रविवार शाम भाजपा का विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन, विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं नवगठित ग्राम पंचायतों की ओर से अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। राठौड़ ने क्षेत्र में करवाए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि जब भी भजनलाल सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार एवं नौकरी देने का काम करती है, तब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के 'पेट में दर्द' शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार युवाओं के हित में लगातार कार्य कर रही है और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में आगे बढ़ रही है। राठौड़ ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के विभिन्न घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार पर सवाल उठाने से पहले कांग्रेस नेताओं को अपने शासनकाल की परिस्थितियों को भी याद करना चाहिए। उन्होंने सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति से जुड़े मामले का जिक्र करते हुए कहा कि यह मामला पूर्ववर्ती सरकार के समय न्यायालय के आदेशों से जुड़ा हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि अब पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत वर्तमान सरकार पर सवाल उठा रहे हैं, जबकि उन्हें अपने कार्यकाल में सामने आई परिस्थितियों को भी जनता के सामने रखना चाहिए।

उन्होंने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान पार्टी के भीतर हुए विरोध का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली को लेकर कांग्रेस के अंदर से ही विरोध के स्वर उठते रहे। उन्होंने सचिन पायलट द्वारा अजमेर में राजस्थान लोक सेवा आयोग तक पैदल मार्च किए जाने तथा तत्कालीन मंत्री अशोक चांदना द्वारा बूंदी में तीन दिन तक धरने पर बैठने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के दौरान भ्रष्टाचार सहित कई मुद्दों को लेकर सवाल उठे थे। राठौड़ ने हेमाराम चौधरी सहित कांग्रेस के अन्य नेताओं से जुड़े घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए तत्कालीन सरकार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज अपने कार्यकाल के दौरान सामने आए घटनाक्रमों को भूलकर भजनलाल सरकार पर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की आलोचना करने से पहले गहलोत को अपने कार्यकाल में हुए विरोध प्रदर्शनों एवं राजनीतिक घटनाक्रमों को भी याद रखना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने, सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार देने के साथ-साथ विकास एवं जनहित से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व पंचायत समिति सदस्य रतन सिंह राठौड़ ने सांडवा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को पूर्व नेता प्रतिपक्ष के सामने रखा। उन्होंने आपणी योजना के तहत पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नहीं होने, सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों एवं आवश्यक संसाधनों की कमी तथा लुहारा होते हुए सुजानगढ़ जाने वाली सड़क के नवनिर्माण की मांग रखी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से इन समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इस पर राजेंद्र राठौड़ ने समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित स्तर पर प्रयास करने का आश्वासन दिया।

कार्यों के लोकार्पण में से नोखा रोड से उड़वाला रोड तथा मुख्य बाजार से जाट छात्रावास तक अटल प्रगति पथ, पेयजल समस्या के समाधान के लिए पांच सरकारी ट्यूबवेल, पीएम श्री स्कूल में टिनशेड एवं मंच तथा केशोलाई स्कूल में बरामदे सहित दो कमरे एवं टिनशेड शामिल हैं।

77.85 ग्राम अवैध गांजा बरामद, 53 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

- बाईपास पर गांजा बेचने की फिराक में बैठा था शकील, कोतवाली पुलिस ने दबोचा; एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज

झुंझुनूं (निसं)। मादक पदार्थों की अवैध तस्करी एवं बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 77.85 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन एवं वृताधिकारी झुंझुनूं शहर गोपाल सिंह ढाका के सुपरविजन में कोतवाली थानाधिकारी श्रवण कुमार मील के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, 16 अगस्त 2026 को थानाधिकारी श्रवण कुमार मील को मुखबिर से सूचना मिली कि बाईपास रोड स्थित बालाजी विहार के पास खाली जगह में एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ लेकर बैठा है तथा उसे बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही थानाधिकारी मय टीम मौके पर पहुंचे और संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ एवं तलाशी के दौरान व्यक्ति की पहचान शकील अहमद पुत्र जमील अहमद (53 वर्ष), निवासी मोहल्ला खत्रीयान, चेजारों की मस्जिद के पास, वार्ड नंबर 43, झुंझुनूं के रूप में हुई। पुलिस ने उसके कब्जे से 77.85 ग्राम गांजा बरामद कर जब्त किया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जिले में मादक पदार्थों के परिवहन, तस्करी एवं अवैध बिक्री के खिलाफ लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि युवाओं को नशे की गिरफ्त में धकेलने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई में थानाधिकारी श्रवण कुमार मील, कांस्टेबल चेनाराम, कांस्टेबल विकास तथा कांस्टेबल चालक प्रेमचंद शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप की स्थिति है।

कमलेश कुमार ने शिक्षा अधिकारी पद पर कार्यग्रहण किया

सीकर (निसं)। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार ने सोमवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यग्रहण कर कार्यभार संभाला। कार्यग्रहण के पश्चात उन्होंने कार्यालय स्टाफ के साथ बैठक आयोजित कर विभागीय कार्यों की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। संदर्भ व्यक्ति सुरेश कुमार भास्कर ने बताया कि सीबीईओ कमलेश कुमार के कार्यग्रहण से पूर्व कार्यालय स्टाफ, कर्मचारियों एवं शिक्षक संघों के पदाधिकारियों द्वारा उनका शानदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार के सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक बजरंग लाल स्वामी, सेवानिवृत्त शिक्षा उपनिदेशक जगदीश प्रसाद चीटियां, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ब्रह्मदत्त शर्मा, जोगेंद्र सिंह रणवा सहित अनेक शिक्षाविद उपस्थित रहे। कार्यग्रहण कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विद्याधर शर्मा रिसोर्स पर्सन नरेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य राउमावि अलखपुरा गोदरान अशोक राव, प्रधानाचार्य राउमावि बीदसर राजकुमार अन्य ने बुके भेंट कर कमलेश कुमार का स्वागत किया।